**संख्या 12016/03/2025-रा.भा.(का-2)**
**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**राजभाषा विभाग**
***

बी विंग, चतुर्थ तल, एन.डी.सी.सी.-2
जय सिंह रोड नई दिल्ली,
दिनांक :16.05.2025

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय-राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष्य में प्रतीक चिह्न (Logo) निर्माण प्रतियोगिता के परिणाम संबंधी ।**

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार 26 जून 2025 को नई दिल्ली स्थित "भारत मंडपम" में राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन कर रहा है। इस सम्मेलन की अध्यक्षता माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी करेंगे।

2. इस महत्वपूर्ण सम्मेलन हेतु 'प्रतीक चिह्न' बनाने के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में देश भर से हिंदी से जुड़े विशेषज्ञों/कार्मिकों ने भाग लिया तथा अपने द्वारा निर्मित 'लोगो' विभाग को भेजे।

3. उल्लेखनीय है कि 'लोगो' हेतु गठित चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति से **श्री तरुण कुमार सिंह, प्रबंधक, यूको बैंक, कानपुर** द्वारा निर्मित लोगो (प्रतीक चिन्ह) का चयन प्रथम स्थान के लिए किया गया है। प्रथम विजेता को पुरस्कार स्वरूप रू. 5000/- की राशि व प्रमाण पत्र दिया जाएगा। साथ ही चयनित 'लोगो' का प्रयोग भारत मंडपम (नई दिल्ली) समारोह के दौरान किया जाएगा।

4. चयन समिति द्वारा द्वितीय स्थान के लिए **श्री रवि कुमार साव, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, दूरसंचार विभाग, नई दिल्ली** तथा **तृतीय स्थान के लिए श्री जितन कुमार , सहायक प्रबंधक(राजभाषा अधिकारी), सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद** का चयन किया गया है। द्वितीय तथा तृतीय विजेता को पुरस्कार स्वरूप क्रमश: रू. 4000/- एवं रू. 3000/- की राशि व प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

5. यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)
उप सचिव(का.)
दूरभाष:-011-23438143

प्रति:-

1. सभी 03 पुरस्कृत अधिकारी/कर्मचारी।
2. वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार, एनआईसी को इस अनुरोध के साथ कि इस कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवाएं।